**जहां तक अप्रार्थीगण ऋणियों पर धारा 13(2) के जारी** नोटिस 09.03.2022 की तामील का प्रश्न है। प्रार्थना पत्र के अनुसार दिनांक 09.03.2022 को 60 दिवस में राशि जमा करवाने का धारा 13(2) के नोटिस अप्रार्थीगण को रजिस्टर्ड डाक से भिजवाने की पोस्ट ऑफिस की अस्पष्ट रसीद पत्रावली में उपलब्ध है एवं **अप्रार्थीगण मैसर्स लुहानीवाल इण्डस्ट्रीज, मोहनी देवी एवं प्रदीप कुमार को धारा 13(2) के नोटिस की प्राप्ति परिणामस्वरूप पोस्ट ऑफिस के ऑनलाईन ट्रेक पत्रावली में उपलब्ध नहीं है, इसलिए अप्रार्थीगण रजिस्टर्ड डाक धारा 13(2) के नोटिस की तामील होना नहीं माना जा सकता है।** वित्तिय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुर्नगठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 अन्तर्गत धारा 14 के **अनुसार अप्रार्थीगण ऋणियों को धारा 13(2) का 60 दिवस का नोटिस जारी करने पर यदि अप्रार्थीगण ऋणियों पर नोटिस की तामील नहीं होती है और अप्रार्थीगण नोटिस की तामील से बचने का प्रयास करते है तो नोटिस की प्रति उनके निवास स्थान पर चस्पा कर दो समाचार पत्रों में धारा 13(2) के नोटिस का प्रकाशन करवाना आवश्यक होता है** परन्तु प्रार्थी बैंक ने धारा 13(2) का नोटिस दिनांक 09.03.2022 को जारी कर **पोस्ट ऑफिस की रजिस्टर्ड डाक से अप्रार्थीगण को भिजवाया है** और अप्रार्थीगण को धारा 13(2) के नोटिस की तामील नहीं हुई है तो प्रार्थी बैंक को धारा 13(2) के नोटिस की प्रति उसके निवास स्थान पर चस्पा किये बिना ही दो समाचार पत्रों ''पंजाब केसरी–हिन्दी'' एवं ''नाम अंकित नहीं(अंग्रेजी)'' में प्रकाशित करवया है।

**नोटिस तामील के सम्बन्ध में वित्तिय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुर्नगठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियम 2002 के नियम 3 निम्नानुसार अवलोकनीय है:**

जिला मजिस्ट्रेट
श्री गंगानगर

Signature Not Verified

Digitally signed by Ansh Deep Ralh
Date: 2023.08.10 17:59:01 IST
Reason: SelfAttested

